GeM पोर्टल से खरीदारी में उत्तर प्रदेश अव्वल

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए आँकड़ों के अनुसार पिछले 5 वर्षों में **GeM** पोर्टल से की गई खरीदारी में उत्तर प्रदेश पूरे देश में प्रथम स्थान पर रहा है।

प्रमुख बिंदु

- सरकारी आँकड़ों के अनुसार पिछले पाँच वर्षों में **GeM** पोर्टल के माध्यम से विभिन्न विभागों द्वारा 20,642 करोड़ रुपए से अधिक की खरीदारी की गई है।
- गुजरात 7,400 करोड़ रुपए की खरीद के साथ दूसरे स्थान पर जबकि मध्य प्रदेश 5,000 करोड़ रुपए की खरीद के साथ तीसरे स्थान पर है।
- **GeM** विभिन्न केंद्रीय और राज्य सरकारों के विभागों/संगठनों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों **(PSU)** द्वारा आवश्यक सामान्य उपयोग की वस्तुओं और सेवाओं की ऑनलाइन खरीद की सुविधा के लिये वन-स्टॉप राष्ट्रीय सार्वजनिक खरीद पोर्टल है।
- इसे वर्ष 2016 में सरकारी खरीद प्रक्रिया में पारदर्शिता और दक्षता लाने के लिये लॉन्च किया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/uttar-pradesh-tops-in-buying-from-gem-portal